यूरिया–शीरा, खनिज ईंट तकनीक

उपयोगिता

यूरिया-शीरा, खनिज ईंट पशु को देने से पशु उसे धीरे-धीरे चाटता रहता है व इससे ऊर्जा, प्रोटीन व खनिज की आपूर्ति पशु को निश्चित मात्रा में लम्बी अवधि तक होती रहती है। इससे अकाल के बाद पशु की उत्पादकता व उत्पादन पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को रोका जा सकता है।

सिद्धान्त

इस तकनीक द्वारा बनाई गई ईंट को पशु धीरे-धीरे लम्बे समय तक चाटते रहते हैं। जिससे उसमें उपस्थित यूरिया, शीरा व खनिज आवश्यक मात्रा में पशु को प्राप्त होते रहते हैं।

आवश्यक उपकरण, श्रम व पूँजी

वृहद् स्तर	यू.एम.एम.बी. मशीन – अनुमानित लागत 30,000–50,000 रू
	विद्युत मोटर – 2 एच.पी.
	विद्युत खर्च प्रतिदिन – 12 यूनिट
	क्षमता – लगभग 2 किग्रा. की 50 ईंट/घण्टा
लघु स्तर	प्लास्टिक, लकड़ी अथवा लोहे के सांचे – रूपये 200–500/सांचा

यू.एम.एम.बी. मशीन

यूरिया–शीरा, खनिज ईंट

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन प्रसार शिक्षा विभाग
स्नातकोत्तर पशुचिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पी.जी.आई.वी.ई.आर.)
(राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय)
एन.एच. 11, आगरा रोड़, जामडोली, जयपुर-302031